**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2668**
**बुधवार, 11 अगस्त, 2021/20 श्रावण, 1943 (शक)**

# देश की बेरोजगारी दर

**2668. श्री के.टी.एस. तुलसीः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

गत तीन वर्षों में और वर्ष 2021 की पहली और दूसरी तिमाही में रोजगार प्रदान करने वाले प्रमुख क्षेत्रों के लिए देश की बेरोजगारी दर का ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

रोजगार/बेरोजगारी से संबंधित आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किए जाने वाले आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से 2017-18 से एकत्र किए जा रहे हैं। वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट जुलाई से जून तक की सर्वेक्षण अवधि को सम्मिलित करती है। नवीनतम उपलब्ध रिपोर्ट वर्ष 2019-20 के लिए है।

वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर क्रमशः 6.0%, 5.8% एवं 4.8% है। पीएलएफएस 2019-20 के अनुसार रोजगार का क्षेत्र-वार हिस्सा नीचे दिया गया हैः

| एनआईसी 2008 के अनुसार व्यापक उद्योग विभाजन | 2019-20 |
|---|---|
| कृषि | 45.6 |
| खनन और उत्खनन | 0.3 |
| विनिर्माण | 11.2 |
| विद्युत, जल आदि | 0.6 |
| निर्माण | 11.6 |
| व्यापार, होटल और रेस्तरां | 13.2 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 5.6 |
| अन्य सेवाएं | 11.9 |
| समस्त | 100.0 |

*********